CMD - In Mtg
→ ED(CP&CE)

दिनांक
8/3/17

सेवा में,
श्री आई.एस. झा
अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक
पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया
नई दिल्ली
बी -9 , कुतुब इंस्टीट्यूटशनल एरिया,
कटवारिया सराय,
नई दिल्ली - 110016 (दिल्ली)

विषय: सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत अपेक्षित जानकारी उपलब्ध कराने हेतु । कृपया जानकारी हिंदी में एंव बिन्दुवार दे तो अत्यधिक प्रसन्नता होगी ।

1. आपकी प्रतिष्ठित कम्पनी की निगमित सामाजिक दायित्व पॉलिसी क्या है ?
2. विगत दो वित्तीय वर्षो 2014-15 एवं 2015-16 एंव वर्तमान वित्तीय वर्ष 2016-2017 में आपकी प्रतिष्ठित कम्पनी का सी.एस.आर. फण्ड कितना रहा है ?
3. इस राशि का आवंटन कहाँ - कहाँ और किन कार्यो के लिए किया गया ?
4. जिन स्थानों पर निगमित सामाजिक दायित्व राशि के अन्तर्गत कार्य कराया जाता है, उसके निर्धारण से सम्बंधित मापदण्ड क्या है ?
5. यदि इसका निर्धारण किसी सिफ़ारिश आदि के द्वारा किया जाता है, तो उसका वरीयता क्रम क्या है ?
6. विगत वित्तीय वर्ष 2015-16 में सी.एस.आर. के अन्तर्गत कितने प्रस्ताव प्राप्त हुए और उसमें से किन प्रस्तावों को स्वीकृत/शामिल किया गया है ? इनका एक संक्षिप्त विवरण प्रदान करे ।
7. सी.एस.आर. के अन्तर्गत कार्य करने के लिए क्या आपकी प्रतिष्ठित कम्पनी से सम्बंधित कोई संस्था या अन्य कम्पनी है या किसी और माध्यम से कार्य कराया जाता है ? इसके सन्दर्भ में संक्षिप्त जानकारी देने की कृपा करें ?
8. वित्तीय वर्ष 2015-2016 एंव 2016-17 में निगमित सामाजिक दायित्व के अंतर्गत कितने परियोजना प्रस्ताव स्वीकार किये गए है ? प्रत्येक के सन्दर्भ में कर्मवार यह बताने की कृपा करे कि परियोजना की लागत कितनीं रही है, परियोजना का क्रियान्वन किस एजेंसी द्वारा कराया गया है और उपरोक्त परियोजना को शामिल करने हेतु कोई सिफारिश प्राप्त हुई ? यदि हाँ तो विवरण प्रदान करें ।
9. वित्तीय वर्ष 2015-2016 एंव 2016-2017 में सी.एस.आर के अंतर्गत स्वीकृत प्रत्येक परियोजना प्रस्तावों का कर्मवार विवरण प्रदान करे ।
10. वित्तीय वर्ष 2015-2016 एंव 2016-2017 में सी.एस.आर के अंतर्गत स्वीकृत प्रत्येक परियोजना प्रस्ताव की लागत से सम्बंधित विस्तृत विवरण प्रदान करे ।
11. वित्तीय वर्ष 2015-2016 एंव 2016-2017 में सी.एस.आर के अंतर्गत स्वीकृत प्रत्येक परियोजना प्रस्ताव का क्रियान्वन किन-किन स्थानों पर किया गया है ?
12. वित्तीय वर्ष 2015-2016 एंव 2016-2017 में सी.एस.आर के अंतर्गत स्वीकृत प्रत्येक परियोजना प्रस्तावों का क्रियान्वन किन किन एजेंसी /संस्थान /कम्पनी द्वारा कराया गया है ?
13. वित्तीय वर्ष 2015-2016 एंव 2016-2017 में सी.एस.आर के अंतर्गत स्वीकृत किसी भी परियोजना प्रस्ताव के सन्दर्भ में क्या कोई सिफारिश पत्र प्राप्त हुआ है, यदि हाँ तो उसका विवरण प्रदान करें ।

RTI

14/3

DGM(CP)-ICT 15/3

14. वित्तीय वर्ष 2015-2016 एंव 2016-2017 में सी.एस.आर के अंतर्गत स्वीकृत सभी परियोजना को पूरा कर लिया गया है , या किसी परियोजना में कोई बाधा या रूकावट /शिकायत के कारण नहीं पूरा किया जा सका है , यदि हाँ तो विवरण प्रदान करे?
15. क्या आपकी प्रतिष्ठित कम्पनी में निगमित सामाजिक दायित्व नीति के लिए अलग से कोई विभाग है या यह किस विभाग के अंतर्गत आता है, वर्तमान में उस विभाग में कौन कौन से अधिकारी / कर्मचारी कार्यरत है, उनका नाम एंव पद की जानकारी प्रदान करने का कष्ट करे ।
16. क्या आपकी कम्पनी के सी.एस.आर. विभाग में कार्यरत किसी भी अधिकारी अथवा कर्मचारी से सम्बंधित कोई शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हाँ तो उसकी संक्षिप्त जानकारी प्रदान करे ? एंव उस शिकायत पर की गयी कार्यवाही से भी अवगत कराने का कष्ट करे ?

भवदीय

ए.के.विश्वकर्मा

प्रेषक,
ए.के.विश्वकर्मा
c/o श्री दद्दन मिश्रा जी
माननीय सांसद (लोक सभा)
1, तालकटोरा लेन,
नई दिल्ली - 110001

संलग्नक: पोस्टल आर्डर क्रमांक सं. 32F 274773 दिनांक 28/7/16